भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 736
26 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए

जिला सैनिक कल्याण बोर्ड

736. श्री राजीव रायः

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में ऐसे जिलों की संख्या कितनी है जहां सैनिक कल्याण बोर्ड के कार्यालय स्थित हैं ;

(ख) क्या उत्तर प्रदेश के मऊ और बलिया जिलों में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड का कोई कार्यालय विद्यमान है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(घ) क्या सरकार उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड का कार्यालय स्थापित करने का विचार रखती है ; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसे कब तक स्थापित किये जाने की संभावना है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) से (ड.): मऊ और बलिया सहित उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड हैं । मऊ और बलिया जिले के जिला सैनिक कल्याण बोर्डों का विवरण नीचे दिया गया है :-

मऊः पता - जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, समाहरणालय, कमरा सं. 7, मऊ-275101
दूरभाष - 0547-2225816, सीयूजी - 7839553259
ई-मेल-zsamb-up@nic.in

बलियाः पता - जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, एनसीसी तिराहा, हरपुर बलिया - 277001
दूरभाष - 05498-240202, सीयूजी - 7839553216
ई-मेल-zsabl-up@nic.in

****